Patrika (Indore), 03rd August 2024, Page - 01

आरोपी एमसीए करने के बाद से था बेरोजगार

# इंटरव्यू में हुआ फेल तो बेरोजगार शिक्षक ने स्कूल को बम से उड़ाने की दे डाली धमकी

इंदौर @पत्रिका. आइआइटी परिसर स्थित केन्द्रीय विद्यालय को आइएसआई के नाम से बम से उड़ाने की धमकी देने वाला बेरोजगार शिक्षक निकला। मास्टर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) के बाद से आरोपी बेरोजगार है।



इसी स्कूल में टेक्नीशियन के साक्षात्कार में असफल रहा था। पुलिस ने आरोपी चेतन सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने खुद के मोबाइल के वीपीएन के माध्यम से ईमेल आइआइटी की ऑफिशियल आईडी पर भेजा था।

## बदला लेने दी धमकी

**वीपीएन** के आधार पर आरोपी चेतन पिता संदीप सोनी निवासी बडनगर हाल एरोड्रम थाना क्षेत्र से पूछताछ की। आरोपी चेतन ने बताया कि उसने बदला लेने के लिए मेल किया। आरोपी ने वर्ष 2022 के सितंबर व अक्टूबर में केवी में टेक्नीशियन की नौकरी के लिए इंटरव्यू दिया, जिसमें असफल रहा था।

## यह है पूरा मामला

एसपी ग्रामीण हितिका वासल ने बताया कि सिमरोल स्थित आइआइटी कैंपस के मुख्य सुरक्षा अधिकारी रामाकांत कौशिक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 जुलाई 2024 को शाम 5.22 बजे पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय की आधिकारिक ईमेल आईडी पर यूजर ने धमकी भरा ईमेल किया। मेल में बताया कि बम ब्लास्ट होगा, केंद्रीय विद्यालय आइआइटी इंदौर में 15 अगस्त को तैयार रहना, उसके बाद अश्लील शब्द लिखे।